**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2269**

**02 अगस्त, 2021 को उत्तर के लिए**

**इस्पात क्षेत्र द्वारा तरल मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति**

**2269. श्री श्रीधर कोटागिरी:**
**श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:**
**श्रीमती चिंता अनुराधा:**
**श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:**
**डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:**
**कुमारी गोड्डेति माधवी:**
**श्री कुरूवा गोरांतला माधव:**
**श्री अर्जुन लाल मीणा:**
**श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:**
**श्री पी.पी. चौधरी:**
**श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**
**श्री मनोज तिवारी:**
**श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण:**
**श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**
**श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में ऑक्सीजन, विशेषकर तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) के उत्पादन में सरकारी और निजी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों की कुल क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकारी क्षेत्र के संयंत्रों ने महामारी की दूसरी लहर के दौरान एलएमओ प्रदान किया था और यदि हाँ, तो सरकारी और निजी क्षेत्र के संयंत्रों द्वारा पूर्ति की गई इसकी मात्रा का ब्यौरा क्या है और उनकी क्षमता कितनी है;

(ग) क्या इस्पात के निर्माण में उपयोग होने वाली ऑक्सीजन के मेडिकल उपचार में उपयोग होने के कारण इस्पात का उत्पादन बाधित हुआ है और यदि हाँ, तो कोविड-19 से पूर्व और पश्चात् की स्थिति से लेकर अब तक तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) कोविड के प्रयोजनार्थ प्रतिदिन प्रदान की जा रही ऑक्सीजन की मात्रा का ब्यौरा क्या है और इस्पात उद्योग/कंपनियों को अब तक इस संबंध में कितना नुकसान हुआ है;

(ङ) सामान्यतः देश में और सरकारी विशेषतः सरकारी क्षेत्र में एलएमओ के उत्पादन में वृद्धि के लिए क्या उपाय किए गए हैं और एलएमओ की बढ़ती माँग को देखते हुए क्या तकनीकी और अन्य नीतियाँ बनाई गई हैं; और

(च) उत्पादन-स्थल से एलएमओ के परिवहन संबंधी परिणामों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों की लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) की कुल उत्पादन क्षमता का विवरण निम्नानुसार है:

(प्रति दिन टन में)

| **वर्ष** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** |
|---|---|---|---|---|
| कुल क्षमता | 2492 | 2494 | 2748 | 4102 |

(ख): महामारी की दूसरी लहर के दौरान सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों ने संयुक्त रूप से 01 अप्रैल से 25 जुलाई, 2021 के दौरान कुल 230262 टन एलएमओ की आपूर्ति की। इस संबंध में संयंत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग) से (ङ): दूसरी लहर के उच्चतम स्तर के दौरान इस्पात क्षेत्र ने एलएमओ के उत्पादन को अत्यधिक बढ़ाया था। 01 अप्रैल, 2021 को एलएमओ की 538 मीट्रिक टन की आपूर्ति की तुलना में 13 मई, 2021 को एलएमओ की आपूर्ति बढ़कर 4749 मीट्रिक टन हो गई थी। अप्रैल-जुलाई 2021 के दौरान एलएमओ की राज्य-वार आपूर्ति का विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है। देश में एलएमओ के उत्पादन को बढ़ाने के लिए इस्पात संयंत्रों द्वारा किए गए उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) तरल नाइट्रोजन एवं तरल ऑर्गन का कम उत्पादन।

(ii) ऑक्सीजन गैस के कम उपयोग से इस्पात उत्पादन को घटाना।

अप्रैल-जून, 2021 की अवधि के दौरान ऑक्सीजन गैस के कम उपयोग के द्वारा एलएमओ के उत्पादन में वृद्धि के कारण इस्पात के उत्पादन में लगभग 500,000 टन तक की कमी हुई।

(च): इस्पात संयंत्रों में उत्पादित एलएमओ की सड़क, ऑक्सीजन एक्सप्रेस (रेलवे) तथा वायु सेना के परिवहन विमानों के परिवहन माध्यमों का उपयोग करके **अनुलग्नक-II** में यथा-निर्दिष्ट अनुसार 22 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों को आपूर्ति की गई थी।

****

**अनुलग्नक – I**

(टन में)

| संयंत्र का नाम | एलएमओ की उत्पादन क्षमता | एलएमओ की आपूर्ति (01.04.21 से 25.07.21) |
|---|---|---|
| सेल भिलाई | 40 | 1661.41 |
| सेल भिलाई (बीओओ प्लांट लिंडे) | 350 | 21255.04 |
| सेल बोकारो | 20 | 1399.23 |
| सेल बोकारो (बीओओ प्लांट आईनॉक्स) | 170 | 10827.94 |
| सेल दुर्गापुर | 43 | 2449.41 |
| सेल दुर्गापुर (बीओओ प्लांट लिंडे) | 85 | 6350.9 |
| सेल राउरकेला | 48 | 3424.42 |
| सेल राउरकेला (बीओओ प्लांट लिंडे) | 310 | 18817.36 |
| सेल बर्नपुर | 70 | 2334.24 |
| आरआईएनएल विशाखापत्तनम | 130 | 9947.47 |
| टाटा स्टील जमशेदपुर (लिंडे) | 453 | 21285.961 |
| टाटा स्टील जमशेदपुर (एडब्ल्यूआईपीएल) | 150 | 11258.26 |
| टाटा स्टील कलिंगनगर | 219 | 10641.03 |
| टाटा स्टील बीएसएल | 244 | 8126.35 |
| जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड | 9.5 | 778.337 |
| जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जाजपुर) | 52 | 3105.88 |
| एएमएनएस हजीरा (आईनॉक्स) | 240 | 11865.09 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड विजयनगर - (बेलोक्सी) | 106 | 8253.03 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड विजयनगर, (लिंडे पीएलसी) | 537 | 28023.6 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड विजयनगर वर्क्स (एयर वाटर) | 100 | 5891.945 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड विजयनगर वर्क्स (आईजीपीएल) | 130 | 7184.74 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, डोलवी (ओन) | 180 | 13512.3 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, डोलवी (ओन 2) | 124 | 9414.23 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, सेलम | 17 | 1696.57 |
| जिंदल स्टील एंड पावर, अंगुल | 100 | 2963.37 |
| वेदांत ईएसएल, बोकारो | 20 | 474.44 |
| जेएसडब्ल्यू- बीपीएसएल, झारसुगुडा | 25 | 718.9 |
| कल्याणी स्टील, होस्पेट | 130 | 6600.3 |
| **कुल** | **4102** | **230262** |

**अनुलग्नक – II**

(टन में)

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **एलएमओ की आपूर्ति (01.04.2021 से 25.07.2021)** |
|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 30310.85 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 11477.19 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 7404.96 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | 30016.79 |
| 5 | झारखंड | 6137.571 |
| 6 | पश्चिम बंगाल | 15224.03 |
| 7 | बिहार | 4622.83 |
| 8 | ओडिशा | 12750.9 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 15080.2 |
| 10 | गुजरात | 7563.24 |
| 11 | कर्नाटक | 44107.79 |
| 12 | तेलंगाना | 17178.21 |
| 13 | तमिलनाडु | 10725.33 |
| 14 | हरियाणा | 8419.707 |
| 15 | दिल्ली | 2136.75 |
| 16 | असम | 1921.95 |
| 17 | केरल | 1436.58 |
| 18 | गोवा | 715.75 |
| 19 | पंजाब | 1842.72 |
| 20 | राजस्थान | 700.45 |
| 21 | जम्मू और कश्मीर | 18.16 |
| 22 | उत्तराखंड | 470.28 |
| **कुल** | | **230262** |

****